10 अक्तूबर, 2023

सिटी अब टिकटों और जुर्मानों के विवाद और भुगतान के लिए ऑनलाइन विकल्प पेश कर रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का एडमिनिस्ट्रेटिव पेनल्टी सिस्टम (ए.पी.एस.) (Administrative Penalty System) (APS), अब अपने नए ऑनलाइन प्लेटफार्म के द्वारा टिकटों के भुगतान और विवाद को आसान बना रहा है। नया ऑनलाइन ए.पी.एस. (APS) प्लेटफार्म, 16 अक्तूबर, 2023 से उपलब्ध होगा।

ए.पी.एस., पार्किंग और अन्य बाइ-लॉ जुर्मानों के भुगतान, समीक्षा और संग्रहण के लिए, एक तेज और लचीला सिस्टम है। इसे एन्फोर्समेंट प्रक्रिया को आसान बनाने और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के बाइ-लॉज के अनुपालन में इस तरीके से वृद्धि करने के लिए तैयार किया गया है, जो निष्पक्ष, प्रभावी और कुशल हो।

एन्फोर्समेंट टूल के द्वारा, बाइ-लॉ संबंधी विवादों को अदालती कमरे से म्युनिसिपल्टी को स्वतंत्र स्क्रीनिंग और सुनवाई अफसरों का प्रयोग करते हुए की ट्रांसफर किया जाएगा, जो जुर्मानों की पुष्टि कर सकते हैं, कम कर सकते हैं या रद्द कर सकते हैं।

जुर्मानों की प्रक्रिया के बारे में:

जुर्माना नोटिस प्राप्त करने वाले व्यक्ति ये कर सकते हैं:

- जुर्माना नोटिस का भुगतान; अथवा
- स्क्रीनिंग अफसर के द्वारा समीक्षा का अनुरोध

स्क्रीनिंग समीक्षाओं को अब ऑनलाइन लिखित सब्मिशन के द्वारा पूरा किया जा सकता है, जुर्माने की पुष्टि, कम या रद्द करने की अथॉरिटी रखने वाले स्क्रीनिंग अफसर के द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी और इसे पूरा किया जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति, स्क्रीनिंग अफसर के फैसले से असहमत हो, तो उनके पास सुनवाई समीक्षा मीटिंग का अनुरोध करने के लिए, फैसले के बाद 15 दिनों का समय होगा। सुनवाई समीक्षाएं, ऑनलाइन वर्चुअल (आभासी) प्लेटफार्म का प्रयोग करते हुए की जाएंगी।

सुनवाई समीक्षा मीटिंग के बाद, सुनवाई अफसर का फैसला, फाइनल होगा।

लिंक:

अधिक जानकारी के लिए, या भुगतान करने हेतु या जुर्माना नोटिस पर विवाद के लिए, कृपया यहां जाएं:
www.brampton.ca/courtservices

-30-

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca